**Title:** Requests the Central Government to take action against the Senior Director of Cooperative Rural Development Bank, Uttar Pradesh for committing atrocities on Scheduled Castes.

श्रीमती रीना चौधरी (मोहनलालगंज): मान्यवर अध्यक्ष महोदय, मैं आपका ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश सहकारी ग्रामीण विकास बैंक के महानिदेशक ने जब से अपने पद का कार्यभार संभाला है

... (व्यवधान)

तब से उन्होंने पूरे उत्तर प्रदेश ग्रामीण विकास के जितने भी अनुसूचित जाति के कर्मचारी काम कर रहे थे, उनकी सूची मंगाकर उनको निम्न पदों पर नियुक्त करके उनके स्थान पर अपनी जाति के सभी लोगों की नियुक्ति कर दी है।

... (व्यवधान)

उनके इस कारनामे का मैं एक उदाहरण देना चाहती हूं कि उन्होंने एक क्षेत्रीय प्रबन्धक, इलाहाबाद, जो प्रमोशन के एक दिन पहले तक अपने पूर्व पद पर वरिष्ठ प्र ाबन्धक, रायबरेली में ६५ हजार रुपये गबन के मामले में निलम्बित किये गये थे,

... (व्यवधान)

उनको सामान्य प्रबन्धक (वित्त) ने पकड़ा था, उनको रातों-रात बहाल करके क्षेत्रीय प्रबन्धक के पद पर प्रमोशन दिया गया। उन्होंने जब से कार्यभार संभाला है, तब से बैंक की स्थिति भी बदतर होती जा रही है।

... (व्यवधान)

इस सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री को सूचना दी गई थी, यहां मैंने प्रधान मंत्री जी को भी लिखित में इस मामले की जानकारी दी थी, पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है, इसलिए उनके हौसले बुलन्द हैं।

... (व्यवधान)

पूरे उत्तर प्रदेश में अनुसूचित जाति के लोगों का मानसिक शोषण कर रहे हैं, इसलिए इस सरकार का कर्तव्य हो जाता है कि इस ओर ध्यान दे और भूमि ग्रामीण ि वकास बैंक के प्रबन्ध निदेशक के विरुद्ध कार्रवाई की जाये।

... (व्यवधान)

धन्यवाद।